# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**TERM-1_EXAMINATION_(2025-26)**

**HINDI**

**Class : IV** | **Duration : 1.30 Hrs**
**Date : 17.09.2025** | **Max. Marks : 40**
**Admission No.:** | **Roll No.**

सामान्यनिर्देश 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षणं कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 7 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

---

| प्रश्नपत्रस्वरूप - | | |
|---|---|---|
| | भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 05 अङ्क |
| | भाग 'ख' : व्याकरण | 10 अङ्क |
| | भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 15 अङ्क |
| | भाग 'घ' : चित्र लेखन | 10 अङ्क |

---

## भाग 'क' : अपठित गद्यांश

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर चुनकर लिखिए :- [5]

किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लड़की को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरपफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

(1) तालाब में कितने मित्र थे ?

(क) १ (ख) ३ (ग) ४ (घ) ५

(2) किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?

(क) हंसो को (ख) कछुए को (ग) लोगों को (घ) सभी को

(3) तालाब सूख गया, क्योंकि:

(क) बहुत गरमी थी (ख ) बहुत सरदी

(ग) बहुत वर्षा थी (घ) उपयुक्त में से कोई नहीं

(4) हंसों ने क्या कहा ?

(5) अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने का अर्थ है ?

## भाग 'ख' : व्याकरण

प्रश्न.2 सही उत्तर चुनकर लिखिए - [10]

(1) आकाश का पर्यायवाची शब्द है-

(2) छोटी का विलोम शब्द है -

(3) मोर का लिंग बदलिए –

(4) जो पढ़ा लिखा न हो | कथन के लिए एक शब्द लिखिए –

(5) संज्ञा शब्द है –

(6) चना का बहुवचन रूप है -

(7) प्+आ+न्+ई का वर्ण संयोजन है -

(8) सही सर्वनाम शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए -

---------आराम का जीवन जीने लगा |

(9) सही क्रिया शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए -

चिड़िया ने दाना ------------- |

(10) लालची बंदर में विशेषण है -

## भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक

प्रश्न.3 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर चुनकर लिखिए - [5]

एक कौआ था। वह हमेशा खुश रहता था। एक बार वह एक तालाब के किनारे पानी पीने के लिए आया। वहाँ उसने तालाब में तैरते हुए पक्षी हंस को देखा। उसने सोचा, "हंस कितना उजला है! यह तो पानी में अपने उजले-उजले पंखों को फैलाकर तैर भी सकता है। शायद इसलिए यही दुनिया का सबसे खुश पक्षी होगा।"कौआ हंस के पास गया और बोला, "तुम दुनिया के सबसे खुश पक्षी हो।" यह सुनकर हंस को अच्छा तो लगा लेकिन वह बोला, "कौए भाई! मैं भी यही सोचा करता था कि मैं दुनिया का सबसे खुश पक्षी हूँ जब तक कि मैंने तोते को नहीं देखा था। तोते को देखने के बाद मुझे लगता है कि वह दुनिया का सबसे खुश पक्षी है।"

(1) हमेशा कौन खुश रहता था ?

(क) तोता (ख) कबूतर (ग) हंस (घ) कौआ

(2) वह तालाब के किनारे क्यों गया ?

(क) पानी (ख) नहाने (ग) खेलने (घ) घुमने

(3) किसे देखकर वह उदास हो गया और क्यों ?

(क) हंस (ख) कोयल (ग) तोता (घ) कबूतर

(4) हंस ने उसे क्या बताया ?

(5) दुःख का विलोम शब्द क्या है ?

प्रश्न 4 नीचे दिए गए लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (कोई दो ) [4]

(1) तिलक ने किस भूल की क्षमा माँगी ?

(2) मांझा कैसे बनाया जाता है ?

(3) रवि की कॉपी कहाँ मिली ?

प्रश्न 5 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (कोई तीन ) [6]

(1) बस्ते ने परेश को सुधारने के लिए क्या तरीका सोचा ?

(2) परेश अपने जूते का बुरा हाल कैसे कर देता था ?

(3) पतंग गुब्बारे पर क्यों हँसी ?

(4) बाल गंगाधर तिलक किसी भी समस्या को कैसे हल कर लेते थे ?

## भाग 'घ' : लेखन कौशल

प्रश्न 6 अध्यापक और छात्र के बीच संवाद लिखिए | [5]

अथवा

पेड़ों से होने वाले फायदों पर पचास शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |

प्रश्न.7 नीचे दिए गए चित्र को देखकर पाँच वाक्य लिखिए | [5]



=================== सफलता के लिए शुभकामनाएँ =====================